न्यायालय, भूमि सुधार उपसमहार्त्ता, बुण्डू (राँची)

दाखिल खारिज अपील वाद संख्या–45/2018–19

रेखा जायसवाल...अपीलार्थी

बनाम

अंचल अधिकारी, बुण्डू..प्रतिवादी

आदेश की क्रम सं. एवं तारीख	आदेश एवं पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गयी टिप्पणी तारीख सहित
24.08.18	अपीलार्थी रेखा जायसवाल, पति–कैलाश नाथ जायसवाल, सा०–बाजार टाँड़, पोस्ट–बुण्डू, थाना–बुण्डू जिला–राँची ने अंचलाधिकारी, बुण्डू के द्वारा नामांतरण मुकदमा सं०–303 R27/2017-2018/बुण्डू में दिनांक–02/06/2018 को पारित आदेश के विरूद्ध यह अपील दायर किया है। जिसके द्वारा निम्न भूमि का नामांतरण अस्वीकृत किया गया।	

भूमि विवरणी

मौजा	थाना/थाना सं०	खाता सं०	खेसरा सं०	रकवा
बुण्डू	बुण्डू/0028	43	2671	05 डीसमील

अपीलार्थी को सुनकर सुनवाई हेतु इस अपील वाद को ग्रहण किया गया। अपीलार्थी का कहना है कि उपरोक्त वर्णित भूमि मैंने विनय कुमार गुप्ता, पिता–स्व० गोपाल दास गुप्ता, ग्राम–बुण्डू, पोस्ट–बुण्डू, थाना–बुण्डू जिला–राँची से पावर ऑफ एटर्नी द्वारा लिया हूँ जिसका दाखिल खारिज हेतु अंचल कार्यालय, बुण्डू में आवेदन दिया जिसे खारिज कर दिया गया।

अपीलार्थी द्वारा इस वाद में समर्पित निम्न न्यायालय द्वारा नामांतरण मुकदमा सं०–303 R27/2017-2018/बुण्डू में दिनांक–02/06/2018 को पारित आदेश की प्रमाणित प्रतिलिपि एवं संलग्न दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। अंचलाधिकारी, बुण्डू के प्रतिवेदनानुसार आवेदित भूमि का ऑनलाईन पंजी।। में खाता त्रुटिपूर्ण है। नामांतरण आवेदन ऑनलाईन प्राप्त है एवं सुनवाई की तिथि को आवेदक आवश्यक मूल कागजातों के साथ उपस्थित नहीं हुए। अतः इस स्थिति में नामांतरण अस्वीकृत की गयी है।

अतः उपरोक्त तथ्यों के आधार पर अपीलार्थी के आवेदन को स्वीकृत किया जाता है एवं अंचलाधिकारी, बुण्डू को इस निदेश के साथ प्रतिप्रेषित (REMAND) किया जाता है कि उक्त ऑनलाईन पंजी।। में त्रुटिपूर्ण खाता सुधार हेतु नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई कर अपीलार्थी को सुनकर उनके द्वारा समर्पित दस्तावेजों को प्राप्त कर जाँच पड़ताल करते हुए आवेदित भूमि का दाखिल खारिज अपीलार्थी के नाम से करने हेतु नए सिरे से विधि सम्मत आदेश पारित करना सुनिश्चित करेंगे।

इस आदेश की प्रतिलिपि को अंचल अधिकारी, बुण्डू को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित करें।

लेखापित एवं संशोधित।

24/08/18

भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,
बुण्डू(राँची)।

24/08/18

भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,
बुण्डू(राँची)।